समापन | दो दिवसीय जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का समापन

राशिदा, सपना और नव्या को स्वर्णिम सफलता

नवभारत,जबलपुर। मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, शालेय शिक्षा विभाग और क्रीड़ा भारती महानगर तथा जिला जूडो संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का 19 जून को त्रिभुवनदास मालपाणी हायर सेकेंडरी स्कूल मिलौनीगंज में समापन हुआ।

विगत एक माह से चल रहे ग्रीष्मकालीन जूडो प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर आयोजित इस दो दिवसीय स्पर्धा के दूसरे और अंतिम दिन खिलाड़ियों ने मेडल जीतने के लिए मैट पर अपना पूरा दमखम लगाया। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि श्रद्धा मालपानी चेयरपर्सन ऑफ मालपानी स्कूल तथा विशिष्ट अतिथि एसएन श्रीवास्तव प्राचार्य पीएम श्री रानीदुर्गावती स्कूल, अभ्युदय सिंह अधिवक्ता, रोहित पाठक अधिवक्ता, राजेश नारोला प्राचार्य महार्षि, राजकुमार मिश्रा प्राचार्य मालपानी स्कूल तथा मनीष दुबे की उपस्थिति में किया गया।

विजेताओं को मेडल वितरित किए गए

अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में खेल भावना और अनुशासन का विकास करते हैं।

फाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे

जिला जूडो संघ के सचिव एवं वरिष्ठ जूडो कोच आबिद हुसैन खान ने बताया कि इस बार के ग्रीष्मकालीन शिविर में शामिल नवाचार 'आरोह-2026' कैलेंडर का असर प्रतियोगिता के दोनों दिन साफ देखने को मिला, जहां बच्चों ने न केवल खेल कौशल बल्कि गजब के आत्मविश्वास और अनुशासन का भी परिचय दिया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग के फाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे।

अध्यक्ष ने जताया खिलाड़ियों का आभार

संघ के अध्यक्ष रवि गुप्ता ने सफल आयोजन के लिए सभी खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों और कोचों का आभार व्यक्त किया। स्पर्धा के दौरान निर्णायकों की भूमिका एडवोकेट अताउर्रहमान अंसारी, तावेज़ अली, नौशीन अंजुम, ताजवर अंजुम आदि ने बखूबी निभाई। इस समापन सत्र के अवसर पर जिला जूडो संघ के पदाधिकारी, विभिन्न खेल संस्थाओं के प्रतिनिधि, शहर के खेल प्रेमी और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

दूसरे दिन के प्रमुख परिणाम इस प्रकार है

सब जूनियर बालिका वर्ग में आयशा फातिमा ने स्वर्ण, इनाया फातिमा ने रजत, महिमा कोरी ने कांस्य, ईशा गीते ने स्वर्ण, आरना साहू ने रजत, राधिका बर्मन ने कांस्य, दुर्गेश्वरी झरिया ने स्वर्ण, नाफिया फातिमा ने रजत, धानी बर्मन, अलीशा सिद्दीकी ने स्वर्ण, अनामिका अहिरवार ने रजत, वैष्णवी शुक्ला ने स्वर्ण, शिवानी उइके ने रजत, प्रांशी विश्वकर्मा ने कांस्य, जिज्ञासा ने कांस्य, जूनियर बालिका वर्ग में अतिथि गुप्ता ने स्वर्ण, अफ़शीन फातिमा ने रजत, अनिका चौरसिया ने कांस्य, राशिदा बानो ने स्वर्ण, सुरक्षा रजक ने रजत, पूनम झरिया ने कांस्य, उमामा फातिमा ने कांस्य, नव्या अग्रवाल ने स्वर्ण लावण्या गुप्ता ने रजत, समृद्धि सिगोतिया ने कांस्य, नेमत ने स्वर्ण, समायरा ने रजत, खुशबू पटेल ने कांस्य, आशी ने स्वर्ण, आयशा ने रजत, कीर्ति ने कांस्य, सपना चौधरी ने स्वर्ण, सोमिया सिद्दीकी ने रजत, स्वीकृति ने कांस्य तथा वेदान्तिक ने स्वर्ण और कोशिका ने रजत पदक जीता।

खालसा गर्ल्स स्पोर्ट्स एकेडमी की रोमांचक जीत

हैंडबॉल प्रीमियर लीग प्रतियोगिता

नवभारत,जबलपुर । 26वीं हैंडबॉल प्रीमियर लीग के पांचवें दिन के मैचेस सनातन धर्म पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में बड़े ही जोश से खले गए। मैच मौलश्री दुबे प्राचार्या सनातन धर्म पब्लिक स्कूल, अनीता साहू, शैला मथाई, मनसुख चौहान, गुरप्रीत कौर, रणजीत कौर, कुलदीप कौर, शैरिल थॉमस एचओडी ग्लोबल कॉलेज के आतिथ्य में हुए।

बालक वर्ग में पहला मैच एमएलबी ब्वॉयज एवं यूटीडी ब्वॉयज के मध्य हुआ, जिसमें यूटीडी ब्वॉयज ने 16-04 से शानदार जीत हासिल की। दूसरा मैच बालिका वर्ग में खालसा स्पोर्ट्स एकेडमी एवं यूटीडी गर्ल्स के मध्य हुआ। यह मुकाबला काफी शानदार तथा आक्रामक रूप से खेला गया। बड़े ही कश्मकश मैच के पश्चात खालसा स्पोर्ट्स एकेडमी गर्ल्स ने 14-12 से जीत हासिल की।

इनका रहा योगदान

मैचों का संचालन पलक चंसोरिया, महक जायसवाल ने किया। स्कोरर खुशी बेन, तनवी सतनामी, अंशिका जँघेला, तनुजा सेन रही। अगले दिन के मैचेस शाम 4 बजे से सनातन धर्म पब्लिक स्कूल खेल प्रांगण में खेले जावेंगे। उक्त प्रतियोगिता का संचालन विश्वामित्र अवॉर्डी हरमिंदर सिंह ढिल्लो एवं जगपाल सिंह ढिल्लो द्वारा किया गया।

अंतरक्षेत्रीय तैराकी में बिरसिंहपुर क्षेत्र ने मारी बाजी

नवभारत, जबलपुर। केंद्रीय खेल एवं कला परिषद, मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के तत्वावधान में आयोजित 48वीं अंतरक्षेत्रीय तैराकी प्रतियोगिता 2026-27 का समापन 19 जून को रामपुर स्थित तरणताल में हुआ। इसमें 9 क्षेत्रों के लगभग 80 खिलाड़ियों ने फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, बटरफ्लाई, ब्रेस्ट स्ट्रोक, मेडले एवं रिले स्पर्धाओं में प्रतिभा दिखाई। समापन पर मुख्य महाप्रबंधक (आरडीएसएस एवं कार्य) एस. के. भागवतकर और अध्यक्ष कार्यपालक निदेशक डी. के. कश्यप सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में बिरसिंहपुर क्षेत्र ने 06 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 12 पदकों और 145 पॉइंट के साथ प्रथम स्थान पाया। सिंगाजी क्षेत्र ने 3 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कांस्य जीतकर द्वितीय तथा कॉर्पोरेट कार्यालय की टीम01 रजत और 08 कांस्य पदक जीतकर तृतीय स्थान पर रही। कुल 22 स्वर्ण, 22 रजत एवं 22 कांस्य पदकों का वितरण हुआ। कॉर्पोरेट कार्यालय के प्रणव देशमुख को पहली बार भाग लेते हुए 100 मीटर बैक स्ट्रोक में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 'इमर्जिंग प्लेयर अवार्ड' मिला।

खेल से बढ़ता है आपसी समन्वय

संबोधन में मुख्य अतिथि एस.के. भागवतकर एवं अध्यक्ष डी.के. कश्यप ने खेल को अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ जीवन शैली का आधार बताते हुए कहा कि इससे कर्मचारियों में समन्वय बढ़ता है। प्रतियोगिता के सफल संचालन में ऋतिक सैनी एवं विनय पटेल का स्विमिंग पूल रखरखाव और सिविल कार्यों में विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का सुव्यवस्थित आयोजन मुख्य अभियंता (जबलपुर क्षेत्र) एस.के. गिरिया के नेतृत्व में अधीक्षण अभियंता खुशियाल शिववंशी एवं कार्यपालन अभियंता अशोक कुमार द्वारा किया गया। अंत में विजेता खिलाड़ियों और टीमों को पुरस्कृत कर शुभकामनाएं दी गईं।

16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

मंडला। मत्स्य संपदा के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से प्रदेश में मछलियों के प्रजनन काल को ध्यान में रखते हुए 16 जून से 15 अगस्त तक सभी नदियों एवं जलाशयों में मत्स्याखेट पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार बंद ऋतु के दौरान नदियों, जलाशयों एवं निर्धारित जल स्त्रोतों में किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट, मछलियों का विक्रय तथा परिवहन प्रतिबंधित रहेगा। शासन द्वारा यह कदम मछलियों की प्राकृतिक प्रजनन प्रक्रिया को सुरक्षित रखने तथा मत्स्य संसाधनों के संरक्षण के लिए उठाया गया है। नियमों का उल्लंघन करने वालों अधिनियम, 1981 की धारा 5 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

कांग्रेस ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिवस

नवभारत, जबलपुर। नगर कांग्रेस कमेटी के सचिव सोनू गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जन्मदिन रांझी में आम लोगों के बीच केक काटकर और मिठाई बांटकर मनाया गया। इस मौके पर उनके यशस्वी जीवन की कामना की गई। इस खास आयोजन में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता नेमसिंह, नारायण गुप्ता, सोनू गुप्ता, रोहित समुन्द्रे, मनीष बेन, गोविंद, चंदू जैन, राजेश श्रीवास, रोहित नायर, विशाल स्वामी, राजू कनौजिया, मोनिका और अनुपमा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिला न्यायालय में तीन दिवसीय योग अभियान का शुभारंभ

नवभारत,जबलपुर । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रधान जिला न्यायालय परिसर में 19 जून से 21 जून तक आयोजित तीन दिवसीय योग अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का उद्देश्य न्यायाधीशगण एवं न्यायालयीन कर्मचारियों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना तथा स्वस्थ कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। अभियान के प्रथम दिवस आयोजित योग सत्र में समस्त न्यायाधीशगण एवं न्यायालयीन कर्मचारियों ने

उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास एवं प्राणायाम किया। योग प्रशिक्षक अनुज श्रीवास्तव द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक विधियों का अभ्यास कराया गया। साथ ही योग के नियमित अभ्यास से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष कृष्णमूर्ति मिश्र ने कहा कि न्यायिक दायित्व अत्यंत संवेदनशील, उत्तरदायित्वपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण होते हैं, जिनके निर्वहन के दौरान मानसिक दबाव एवं तनाव का सामना करना पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों में योग एक प्रभावी माध्यम के रूप में कार्य करता है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि मानसिक एकाग्रता, आत्मानुशासन, सकारात्मक सोच, कार्यकुशलता एवं तनाव प्रबंधन की क्षमता को भी विकसित करता है।

स्टेशन में बना रहे थे यात्रियों का वीडियो आरपीएफ ने पकड़ा

जबलपुर, नवभारत। आरपीएफ ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जो स्टेशन में यात्रियों और वेंडरों के वीडियो बनाकर उन्हें धमका रहे थे।बताया जा रहा है कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म दो व तीन में कुछ लोगों को यात्रियों और वेंडरों के साथ अभद्रता करते हुए देखा गया। आरपीएफ जवान योगेन्द्र की नजर जब इन युवकों पर पड़ी तो उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें संदेह हुआ। जिसके बाद युवकों से पूछताछ के दौरान उनके पास रेलवे परिसर में प्रवेश का कोई वैध अधिकार पत्र नहीं मिला। उनसे जब पूछताछ की गई तो उन्होंने खुद को पत्रकार बताया। हालांकि इनके पास पत्रकार होने के भी कोई सबूत नहीं मिले। आरपीएफ का कहना है कि पकड़े गए युवकों का नाम तुलसी मोहल्ला निवासी रोहित रजक, देवेंद्र विनोदिया, हनुमानताल निवासी संतोष लालवानी और सदर निवासी फिरोज खान उर्फ अक्कू के रूप में हुई है। ये सभी मिलकर कई दिनों से रेलवे स्टेशन में डेरा जमाए हुए थे और यात्रियों और वेंडरों को धमकाकर उनके वीडियो बनाकर अवैध वसूली कर रहे थे। वही बाद में आरपीएफ ने युवकों को समझाइश देकर छोड़ दिया था।

बिजली कटौती को लेकर बसपा ने दी प्रदर्शन की चेतावनी

नवभारत, जबलपुर। इंदिरा मार्केट स्थित विद्युत कार्यालय में बिजली कटौती की समस्या को लेकर 19 जून को बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता सिकंदर अली के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता और ठक्कर ग्राम वार्ड के लोग पहुंचे। सिकंदर अली ने बताया कि बीती रात से बंद बिजली दिनभर नहीं आई, जिससे लोगों में बहुत गुस्सा है और इस तेज गर्मी में महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग परेशान रहे। इस दौरान बिजली कर्मचारियों ने फोन तक नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि ठक्कर ग्राम में सालों पुराना ट्रांसफार्मर और झूलती हुई तारें भविष्य में जान-माल के लिए बड़ा खतरा हैं। बसपा नेता सिकंदर अली ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द से जल्द ठक्कर ग्राम की बिजली समस्या ठीक नहीं हुई, तो वे वार्ड के लोगों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन करेंगे। घेराव के दौरान बिजली अधिकारियों ने जल्द ही नया ट्रांसफार्मर लगाने और व्यवस्था ठीक करने का भरोसा दिया। इस मौके पर उनके साथ मकबूल, अजीज, इकबाल हुसैन, निजाम, अखिल, तौसीफ, निजामुद्दीन, शफीक, मोहसिन, इरफान और इमरान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

समतलीकरण के नाम पर मिट्टी डालकर छोड़ा खेल मैदान

नारायणगंज/मण्डला। विकास खंड नारायणगंज स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सामने खेल मैदान का समतलीकरण कार्य पंचायत ने तो करा दिया गया, लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा मैदान में केवल पीली मिट्टी डालकर कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि बारिश के मौसम में यह मैदान कीचड़ से भर सकता है, जिससे बच्चों को खेलकूद और विद्यालय आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

जानकारी के अनुसार विद्यालय के सामने स्थित खेल मैदान का समतलीकरण इस उद्देश्य से कराया गया था कि छात्राओं को बेहतर एवं सुरक्षित खेल सुविधा उपलब्ध हो सके। साथ ही बड़ी संख्या में विद्यार्थी इसी मैदान से होकर विद्यालय पहुंचते हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि मैदान में केवल पीली मिट्टी डालकर समतलीकरण कर दिया गया है, जबकि कार्य के दौरान निर्माण एजेंसी ने आश्वासन दिया था कि मिट्टी डालने के बाद मैदान में मुरूम एवं डस्ट बिछाकर रोलर से दबाया जाएगा, जिससे मैदान मजबूत और उपयोगी बन सके। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि समतलीकरण कार्य को कई महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक मैदान में न तो मुरूम डाली गई है और न ही डस्ट बिछाकर रोलर चलाया गया है। ऐसे में बारिश शुरू होते ही मैदान में कीचड़ होने की पूरी संभावना है, जिससे बच्चों के फिसलकर घायल होने का खतरा बढ़ जाएगा। स्थानीय नागरिकों एवं अभिभावकों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए तत्काल मैदान में मुरूम एवं डस्ट डलवाकर रोलर से समतलीकरण का कार्य पूर्ण कराया जाए, ताकि खेल मैदान अपने उद्देश्य के अनुरूप उपयोगी और सुरक्षित बन सके। अन्यथा यह अधूरा कार्य विभागीय लापरवाही का उदाहरण बनकर बच्चों की सुरक्षा पर लगातार सवाल खड़े करता रहेगा।

22 को मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

नवभारत,जबलपुर। वीरांगना रानी दुर्गावती के 463वें बलिदान दिवस के अवसर पर सोमवार 22 जून को रानी दुर्गावती संभागीय मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का पुरूष तथा महिला वर्ग के लिये पृथक-पृथक आयोजन किया जायेगा। प्रात: 7 बजे सम्माननीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा धावकों को भँवरताल स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा के सामने से हरी झंडी दिखाकर संभागीय मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगें। पुरूषों की संभागीय मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता भँवरताल से बारहा स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती की समाधि तक होगी, वहीं महिला वर्ग की संभागीय मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता भँवरताल से शारदा चैक तक आयोजित होगी। जबलपुर जिले के धावकों के लिये आयोजित इस प्रतियोगिता के विजेताओं को 24 जून को प्रात: 09 बजे भँवरताल उद्यान में नगर निगम जबलपुर तथा दुर्गावती स्मृति रक्षा अभियान, मित्रसंघ मिलन एवं कारपोरेशन एथलेटिक संघ के सहयोग से आयोजित वीरांगना दुर्गावती बलिदान दिवस के अवसर पर पुरूस्कार वितरित किये जायेगें। इस दिन भी प्रात: 7 बजे सभी धावक वीरांगना की समाधि से इलेक्ट्रिक मशाल लेकर भंवरताल उद्यान आयेगें।

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)

वयोंकि अधोहस्ता, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13(12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13(4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियर कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

देनदारों का नाम	सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण	कुल बकाया रु.	डिमांड नोटिस तिथि	कब्जा तिथि
श्री रामदास चौधरी रामदास श्रीमती सुनीता बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10568657)	संपत्ति का पूरा हिस्सा, पीएचएन 72, खसरा संख्या 1086, ग्राम खम्हरिया, दीमरखेड़ा, कटनी, मध्य प्रदेश, 483332 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में) : संपत्ति का प्रकार : क्षेत्रफल : 1500	रुपये 304010/- (रु. तीन लाख चार हजार दस मात्र)	09-03-2026	16-06-2026

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी ब्रांच आफिस: 225, नेपियर टाउन, दूसरा माला, अपोजिट चन्द्रिका टॉवर्स, शास्त्री ब्रिज रोड, जबलपुर या कार्पोरेट ऑफिस- प्लॉट नं. 98, फेस- IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान- जबलपुर
दिनांक : 20-6-2026

प्रा. अधिकारी
कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

//निविदा सूचना//

N.I.T.No./PWD/e-tendering/PRO/325 Date : 19/06/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_515392_1 / 19/06/2026	सं.क्रं.-11 अंतर्गत डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड 43 में हाट बाजार में छुई खदान मैदान में बाउन्ड्रीवॉल निर्माण कार्य।(पार्षद मद) (पांचवीं निविदा)	02 माह / ₹.3.75 लाख	₹.2000/- / ₹.3750/-	06/07/2026
2	2026_UAD_515392_2 / 19/06/2026	सं.क्रं.-11 अंतर्गत डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड 43 में हनुमान टोरिया के पास स्थित सामुदायिक भवन की मरम्मत का कार्य।(अध्यक्ष मद) (छटवीं निविदा)	02 माह / ₹.2.47 लाख	₹.2000/- / ₹.2470/-	06/07/2026
3	2026_UAD_515392_3 / 19/06/2026	सं.क्रं.-11 अंतर्गत रानी अवंती बाई वार्ड 67 में दुर्गानगर रामू झारिया के घर के पास सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु टीनशेड एवं पेवर ब्लाक का कार्य। (पार्षद मद)	02 माह / ₹.2.65 लाख	₹.2000/- / ₹.2655/-	06/07/2026

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री नगर निगम जबलपुर